श्रीमती देवंती यादव, माननीया सदस्य, बिहार विधान सभा, नरपतगंज से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०–18/2/2061 का उत्तर प्रतिवेदन

क्र०सं०	तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/2061	उत्तर प्रतिवेदन
1	क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नरपतगंज के कोशी विभाग में कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति न होने से विकास कार्यों की अनुमति लेने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता हैं, यदि हां, तो सरकार कबतक नरपतगंज के कोशी विभाग में कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?	अस्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई प्रमंड़ल, नरपतगंज के कार्यपालक अभियंता के स्थानान्तरण हो जाने के पश्चात् अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, पूर्णियां के पत्रांक–1181 दिनांक 02.07.2025 के माध्यम से सिंचाई प्रमंड़ल, नरपतगंज का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण करने हेतु कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंड़ल, बनमनखी को निदेश संसूचित है। उक्त के क्रम में सिंचाई प्रमंड़ल, नरपतगंज के अधीन सभी कार्यों का निष्पादन ससमय कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंड़ल, बनमनखी द्वारा किया जा रहा है, जिससे विकास कार्यों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ रहा है। सिंचाई प्रमण्डल, नरपतगंज में कार्यपालक अभियंता के पूर्णकालिक पदस्थापन के संदर्भ में आगामी सामान्य स्थानान्तरण/पदस्थापन के क्रम में नियमानुसार विचार किया जाएगा।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–08/स्था०(अभि०)–08 (विधायी)–01/2026– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, बिहार विधान सभा, सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिए प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18/02/2061 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

कुमुद रंजन

संयुक्त सचिव (प्रबंधन)

ज्ञापांक–08/स्था०(अभि०)–08 (विधायी)–01/2026– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

कुमुद रंजन

संयुक्त सचिव (प्रबंधन)

ज्ञापांक–08/स्था०(अभि०) 08 (विधायी)–01/2026– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

कुमुद रंजन
संयुक्त सचिव (प्रबंधन)

ज्ञापांक–08/स्था०(अभि०) 08 (विधायी)–01/2026– 1425 /पटना, दिनांक– 13/3/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियन्ता, आईoटीo सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/3/26

कुमुद रंजन
संयुक्त सचिव (प्रबंधन)